दिन—रविवार दिनांक— 12/10/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि— 05 मिनट

---

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी होने के बाद अब तक तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इधर, पहले चरण के तहत होने वाले विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम और वीवीपैट आवंटित कर दिया गया है। आयोग के निर्देश पर पहले चरण के चुनाव से संबंधित जिलों में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी की ओर से राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया भी शुरू की गयी है। वहीं, चुनाव आयोग ने विधानसभा के दूसरे चरण के तहत होने वाले एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगा दी है। आयोग ने कहा है कि अब मतदाता सूची में कोई बदलाव और संशोधन नहीं होगा। दूसरे चरण के तहत होने वाले क्षेत्रों में चुनाव परिणाम आने के बाद ही किसी के नाम जोड़े या संशोधित किये जायेंगे।

————————————————————

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में ग्यारह नवम्बर को बीस जिलों के एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना कल जारी होगी। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी। दूसरे चरण के लिए प्रत्याशी बीस अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। इक्कीस अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। वहीं, तेईस अक्टूबर तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकते हैं।

————————————————————

इधर, एनडीए में भी सीटों का बंटवारा अभी फाइनल नहीं हो पाया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के आवास पर अभी भाजपा कोर कमिटी की बैठक चल रही है। इस बैठक में एनडीए के घटक दलों के बीच सीटों को अंतिम रूप देने पर विचार किया जा रहा है। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। वहीं, सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देने के लिए आज शाम भाजपा मुख्यालय में पार्टी के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक भी आयोजित की गयी है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंद्रह अक्टूबर को नमो ऐप के जरिए बिहार भाजपा के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम का नाम **मेरा बूथ सबसे मजबूत** दिया गया है। यह सवांद कार्यक्रम बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत को सुनिश्चित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

---

जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में कल होने वाली सुनवाई के लिए राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और तेजस्वी प्रसाद यादव आज दिल्ली पहुंचे। उल्लेखनीय है कि सीबीआई की विशेष अदालत ने इस मामले में पच्चीस अगस्त, दो हजार पच्चीस को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। दिल्ली हवाई अड्डे पर महागठबंधन में सीटों के बंटवारो के बारे में पूछे जाने पर लालू प्रसाद ने कहा कि अभी घटक दलों से बातचीत चल रही है।

---

कांग्रेस नेता अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा है कि महागठबंधन में सीटों के बंटवारे पर कोई समस्या नहीं है। श्री सिंह ने आज दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के बीच बातचीत के बाद सभी सीटें फाईनल कर ली गयी हैं। उन्होंने कहा कि एक से दो दिनों में सीटों पर अंतिम मुहर लग जाएगी।

---

जदयू नेता राजीव रंजन प्रसाद ने दावा किया है कि बिहार विधानसभा चुनाव में राजद को इस बार दो हजार दस से भी कम सीटें मिलेंगी। श्री प्रसाद ने आज पटना में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए बड़ी जीत की ओर बढ़ रहा है। एनडीए के सभी घटक दल एकजुट हैं और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर राज्य में सरकार बनेगी।

---

शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूलों में नामांकन और परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए यूपीआई अपनाने को कहा है। इसका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण करना है। यह कदम विधायी, नीतिगत और

संस्थागत सुधारों के माध्यम से जीवन और स्कूली शिक्षा में सुगमता को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।